# सराहनीय कार्य

## इटावा पुलिस

**प्रेस नोट- दिनांक 03.09.2023**

**इटावा पुलिस द्वारा 03 मोबाइल लूटेरों को किया गया गिरफ्तार।**

**कब्जे से लूटा गया मोबाइल, 02 सिम कार्ड व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल की गयी बरामद ।**

**अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार के पर्यवेक्षण में थाना फ्रेण्ड्स कालोनी पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही।**

**घटना का संक्षिप्त विवरणः-**

वादी शिवम कुमार पुत्र बलवीर सिंह निवासी ग्राम शादीपुर पोस्ट सरसई हेलु थाना चौबिया द्वारा थाना फ्रेण्ड्स कालोनी पर सूचना दी गयी कि दिनांक 01.09.2023 को एनएच 2 हाइवे से 03 अज्ञात मोटरसाइकिल सवार व्यक्तियों द्वारा उसका मोबाइल लूट लिया गया। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए थाना फ्रेण्ड्स कालोनी पर मु0अ0सं0 272/2023 धारा 392 भादवि पंजीकृत किया गया।

**गिरफ्तारी का संक्षिप्त विवरणः-**

**जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों की** रोकथाम एवं लूट/चोरी की घटनाओं के अनावरण हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा दिये गये निर्देशो के क्रम मे दिनांक 02/.03.09.2023 की रात्रि को थाना फ्रेण्ड्स कालोनी थाना क्षेत्रांतर्गत भ्रमणशील रहकर संदिग्ध व्यक्ति/ वाहन चैकिंग की जा रही थी इसी दौरान प्राप्त आपराधिक अभिसूचना के आधार पर मोटरसाइकिल पर सवार 03 व्यक्तियों को लूटे गये मोबाइल सहित **ऊसरा अड्डा अण्डरपास से समय 04.15 बजे** गिरफ्तार किया गया।

**पुलिस पूछताछः-**

गिरफ्तार अभियुक्तों की पुलिस टीम द्वारा तलाशी ली गयी तो उसके कब्जे से लूटे गया 01 मोबाइल, 02 सिम कार्ड तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की गयी तथा पूछताछ करने पर दिनांक 01.09.2023 को एनएच 2 हाइवे से मोबाइल लूटने की घटना को स्वीकारा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

1. चंचल कठेरिया उर्फ नरेन्द्र पुत्र अजब सिंह निवासी जगन्नाथपुर सरसई हेलू थाना चौबिया हाल पता तुलसी अड्डा थाना फ्रेण्डस कालोनी उम्र 25 वर्ष
2. गौरव जाटव पुत्र मनोज कुमार निवासी निलोई थाना जसवंतनगर जनपद इटावा उम्र 19 वर्ष
3. भोला दोहरे उर्फ सुनील पुत्र संतोष कुमार निवासी मुरादगंज गुदरी थाना अजीतमल औरैया उम्र 22 वर्ष

**पंजीकृत अभियोगः-**

1. मु0अ0सं0 272/2023 धारा 392/411 भादवि थाना फ्रेण्ड्स कालोनी जनपद इटावा।

**बरामदगीः-**

1. **01 मोबाइल (लूटा गया )**
2. **02 सिम कार्ड**
3. **01 मोटकसाइकिल (घटना में प्रयुक्त)**

**पुलिस टीमः-** **निरीक्षक श्री सुधीर कुमार सिंह प्रभारी थाना फ्रेण्ड्स कालोनी, निरीक्षक अपराधा सुदेश कुमार, उ0नि0 गणेश गुप्ता मय टीम।**